कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बहरोड(अलवर)

दिनांकः 19.01.2021

आवश्यक सूचना

देवनारायण स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में नियमित अध्ययनरत् राजस्थान मूल की विशेष पिछडे वर्ग में से अतिपिछड़ें वर्ग की वे छात्राऐं जिन्होंने **माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा, बोर्ड** द्वारा आयोजित 12वीं कक्षा की परीक्षा उतीर्ण में पूर्णतया 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किये है तथा राजस्थान स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष प्रवेश लेकर अध्ययनरत है, को सूचित किया जाता है कि वे विभागीय वेब साईट https://hte.rajasthan.gov.in के Home page पर Online Scholarship" Menu पर क्लिक कर आवेदन पत्र भर सकते है। पोर्टल प्रारम्भ होने की तिथि **18.01.2021** एवं पोर्टल बन्द होने की तिथि 17.02.2021 तक है। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए **डॉ. विनय सिंह यादव संयोजक स्कूटी योजना** से फार्म की जॉच करवायें। **निम्न मूल दस्तावेज साथ लेकर ऑन लाईन फार्म भरवाऐं –**

1. राजकीय महाविद्यालयों/राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु फीस जमा रसीद की स्व–प्रमाणित फोटो प्रति।
2. गत वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण की अंक तालिका की स्व– प्रमाणित प्रति।
3..मूल निवास प्रमाण पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, की स्व– प्रमाणित फोटो प्रति ।
4. जाति प्रमाण पत्र विशेष पिछड़े वर्ग का जो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, की स्व– प्रमाणित फोटो प्रति ।
5.छात्रा के माता–पिता /पति, अभिभावक/संरक्षक का वार्षिक आय प्रमाण पत्र 06 माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए । माता पिता नहीं होने/ पति नहीं होने/ परित्यक्ता होने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही अभिभावक/ संरक्षक का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।
6.छात्रा की राष्ट्रीयकृत बैंक बचत खाता पास बुक की स्व–प्रमाणित प्रति जिसमें आई.एफ.एस.सी. कोड स्पष्ट अंकित हो
7.आधार कार्ड की स्व– प्रमाणित प्रति ।
8.जनआधार कार्ड बना हुआ हो बिना जनआधार कार्ड ऑन लाईन नहीं किया जा सकेगा।
9.इस आशय का शपथ पत्र की लाभार्थी किसी अन्य प्रकार की छात्रवृति/योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर रही है।

नोट– अभिभावक की वार्षिक आय रू.2.50 लाख(दो लाख पचास हजार रूपये) से कम होनी चाहिए। 12वीं व प्रथम वर्ष में अन्तराल होने पर योजना का लाभ देय नहीं है।

संयोजक
छात्रवृति प्रभारी

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहरोड